an>

Title: Need to accord approval to the proposal of Government of Maharashtra for setting up of a 300-bed Super Speciality Hospital at Sambhaji Nagar in Aurangabad Parliamentary Constituency.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद (महाराष्ट्र) अंतर्गत संभाजीनगर तेजी के साथ औद्योगिकीकरण की ओर बढ़ रहा है। इस क्षेत्र में स्लम बस्तियों की संख्या 170 के करीब है एवं औद्योगिकीकरण से उनकी आबादी तेजी के साथ बढ़ रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र का एक तिहाई हिस्सा इन स्लम बस्तियों में रह रहा है एवं इन स्लम बस्तियों में रहने वाले लोगों की स्वास्थ्य की देखभाल का जिम्मा औरंगाबाद म्यूनिसिपल कारपोरेशन का है। स्लम बस्तियों में बढ़ती जनसंख्या से कारपोरेशन को स्वास्थ्य कार्य में काफी कठिनाई महसूस हो रही है। इस क्षेत्र में एक ही मेडिकल कॉलेज है और प्राइवेट हॉस्पिटल की संख्या कम है जिनकी फीस बहुत ज्यादा है जहां पर गरीब आदमी अपना इलाज नहीं करवा सकते। मेरे संसदीय क्षेत्र के गरीब लोगों को इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा के अभाव एवं कमी के कारण इलाज के लिए मुम्बई या पुणे जाना पड़ता है। इस समस्या के समाधान हेतु औरंगाबाद म्यूनिसिपल कारपोरेशन द्वारा पी.पी.पी. मॉडल के आधार पर 300 बिस्तरों वाले एक सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रस्ताव प्रस्तुत किया है जिसे महाराष्ट्र सरकार ने जून, 2014 को इस प्रस्ताव को नेशनल हेल्थ मिशन, भारत सरकार, नई दिल्ली को मंजूरी हेतु भेजा है जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद के गरीब लोग अपना इलाज सस्ते में एवं आसानी से करवा सकें।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि महाराष्ट्र सरकार ने जो पी.पी.पी. मॉडल के आधार पर 300 बिस्तरों वाले एक सुपरस्पेस्लिटी हॉस्पिटल का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा है, उसको जल्द से जल्द मंजूर करने की कृपा करें।